हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार, 15 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 38.4 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

12 राष्ट्रीय पंजाबी महासभा ने पंजाबी बाल कलाकार रमनजोत ...



12 प्रदेश में फिर बनेगी भाजपा सरकार



## खबर संक्षेप

### इकबाल सिंह लालपुरा आज पहुंचेंगे

**कुरुक्षेत्र।** भारत सरकार अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन इकबाल सिंह लालपुरा 15 जुलाई को करीब 5 बजे ग्रीन सिटी एनक्लेव नजदीक ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल में पहुंचेंगे और सिख समुदाय के साथ बैठक करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त शांतनु शर्मा ने दी है। उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिए है कि संबंधित विभागों के अधिकारी समय पर इस बैठक में पहुंचना सुनिश्चित करेंगे।

### सड़क किनारे मृत मिला व्यक्ति

**कुरुक्षेत्र।** गांव सराय सुखी के समीप सड़क किनारे एक अज्ञात व्यक्ति मृत अवस्था में मिला। पुलिस को दी शिकायत में गुरमीत ने बताया कि करीब एक माह पहले हमारे खेत में बिहार से 11 भइये जीरी लगाने के लिए आये थे और रात को खेत पर ही रहते थे जिनमें से एक भईया अपने आप को इनका ठेकेदार बताता था। जब वह अपनी बाइक पर अपने खेत में जा रह था तो कुलदीप पुत्र पृथ्वी राम के डेरा के पास पहुंचा तो सड़क पर यही भइया ठेकेदार नाम पता ना मालुम सडक के साईड में पड़ा था।

### बस से एक बैग से मिला मादक पदार्थ

**समालखा।** समालखा बस स्टैंड पर पुलिस विभाग की सीआइए-श्री टीम को एक बैग में नशीला पदार्थ मिला है। वहीं आरोपी पुलिस टीम को आया देख बैग छोड़ कर फरार हो गया। जब उसके बैग की जांच की गई तो उसमें करीब 20 किलो चूरापोस्त मिला। यात्रियों ने बताया कि युवक दिल्ली आईएसबीटी से टिकट खरीदकर बस में चढ़ा था। इधर, एएसआई राजबीर सिंह की शिकायत पर थाना समालखा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया

### समालखा में हादसे में ग्रामीण की मौत

**समालखा।** समालखा के पास गांव करहंस के सामने तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। इधर, थाना समालखा पुलिस ने मृतक के पुत्र मंजीत निवासी गांव मनाना की शिकायत पर वाहन चालक के खिलाफ गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रोडवेज बस से कंडक्टर का बैग चोरी

**पानीपत।** पानीपत के सिवाह स्थित नए बस स्टैंड पर रोडवेज बस के अंदर रखा कंडक्टर सुरेंद्र निवासी गांव अधमी जिला पानीपत का बैग चोरी हो गया। सुरेंद्र ने बैग, बस के बोनट पर रखा और नीचे यात्रियों को आवाज लगाने चला गया। वह, जब वापस बस में चढा तो बैग गायब था। बैग में 7685 रुपये की टिकट बॉक्स के अलावा उसका पर्स, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, कंडक्टर लाइसेंस, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड और 12 हजार रुपये थे। वहीं सुरेंद्र की शिकायत पर हुडा सेक्टर 29 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# युवाओं को मानसिक व शारीरिक दृष्टि से हृष्ट पुष्ट बनाने में राहगीरी है कारगरः मुख्यमंत्री

## सीएम ने 'एक पेड़ मां के नाम' लगाकर सभी को पर्यावरण को हरा-भरा बनाए रखने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि राहगीरी जैसे कार्यक्रम लोगों में एकता और प्रेम की भावना को जागृत करने के साथ-साथ युवाओं को मानसिक व शारीरिक दृष्टि से हृष्ट-पुष्ट बनाने में भी कारगर होते हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत आज हर्बल पार्क अम्बाला शहर के नजदीक आयोजित राहगीरी कार्यक्रम में उमड़े जनसैलाब को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले लोक निर्माण विश्राम गृह अम्बाला शहर के पास मुख्यमंत्री ने स्वयं साइकिल चलाकर लोगों को स्वस्थ रहने का संदेश भी दिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने वन, पर्यावरण व वन्य प्राणी विभाग द्वारा वन क्षेत्र को बढ़ाने के लिए चलाए जा रहे अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' का संदेश भी दिया और उन्होंने स्वयं एक पौधा भी लगाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि माँ अम्बा की पवित्र धरा अम्बाला की इस भूमि पर राहगीरी कार्यक्रम में पहुंचने पर मैं अपना सौभाग्य मानता हूं और सभी को कार्यक्रम का हिस्सा बनने पर बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि राहगीरी कार्यक्रम में युवाओं द्वारा साइकिलिंग कर स्वस्थ रहने व नशे से दूर रहने का अच्छा संदेश है।

- एग्रो फोरेस्टी के माध्यम से भी किसानों के खेतों में पौधे लगवाए गए







**अंबाला।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सम्मानित करते हुए व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी राखी बंधवाते हुए व साइकिल चलाते हुए।

### 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान शुरू

मुख्यमंत्री ने कहा कि गत 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान शुरू किया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने करनाल से 13 जुलाई को एक पेड़ मां के नाम के अभियान की शुरुआत की थी और इसी कड़ी में आज अंबाला में पौधारोपण किया। यह अभियान मानसून के दौरान सभी शिक्षण संस्थानों, सामाजिक-धार्मिक संगठनों व सरकारी विभागों द्वारा चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वातावरण को स्वच्छ रखने व तापमान के संतुलन को बनाए रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए और पेड़ बनने तक उनकी देखभाल करें। कार्यक्रम के दौरान वन विभाग द्वारा पांच हजार से अधिक फलदार व छायादार पौधे भी वितरित किए गए।

### डेढ़ करोड़ से ज्यादा पौधे लगाए गए

पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रदेश में करोड़ों पौधे लगाने का काम किया गया है और इस वर्ष अभी तक डेढ़ करोड़ से ज्यादा पौधे लगाए जा चुके हैं। एग्रो फोरेस्टी के माध्यम से भी किसानों के खेतों में पौधे लगवाए गए हैं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि अपने बच्चे के जन्म दिवस, सालगिरह व अन्य सामाजिक महोत्सव के दौरान भी एक पेड़ लगाकर इस समारोह को यादगार बनाएं। उन्होंने यह भी कहा कि 8 जून 1857 को स्वतंत्रता आंदोलन की पहली चिंगारी अंबाला की धरती से उठी थी और इस आंदोलन में मातृभूमि की रक्षा करने वाले शहीदों को में नमन करता हूं।

### वालीबॉल मैच खेल कर युवाओं का बढ़ाया हौसला

राहगीरी कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की शारीरिक गतिविधियों से संबंधित 23 एक्टिविटी जिसमें खेल जैसे रस्साकस्सी, कबड्डी, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग, मलखम, नुक्कड़ नाटक और वालीबॉल करवाए गए, जिन्हें देख लोग रोमांचित हो गए। मुख्यमंत्री ने वालीबॉल मैच भी खेला और युवा खिलाड़ियों में जोश भी भरा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने खेल जगत में बेहतर उपलब्धि हासिल करने वाले अंतरराष्ट्रीय जिम्नास्टिक खिलाड़ी योगेश्वर सिंह व अन्तरराष्ट्रीय जूडो खिलाड़ी सुरेन्द्र सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका उत्साह बढ़ाया। इस मौके पर परिवहन, महिला बाल विकास राज्य मंत्री असीम गोयल व जिला प्रशासन ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका यहां पहुंचने पर भव्य अभिनंदन भी किया।

### मुख्यमंत्री ने स्टाल पर बंधवाई राखी

राहगीरी कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभाग तथा संस्थाओं द्वारा स्टॉल लगाए गए थे, जिनका मुख्यमंत्री नायब सिंह ने अवलोकन किया और प्रदर्शित किए गए सामानों की सराहना की व कुछ सामान भी खरीदा। मुख्यमंत्री ने राखी भी बंधवाई। जिला रैडक्रॉस सोसायटी की ओर से मुख्यमंत्री नायब सिंह ने दिव्यांगजनों को मोटराईजड साईकिल व व्हील चेयर वितरित की गई। जिनमें बबीता व रोहित को व्हील चेयर व मीना को मोटराईजड साईकिल शामिल हैं।

# सरस्वती नदी की क्षमता अब होगी 50 क्यूसिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि पिपली से लेकर ज्योतिसर तक सरस्वती नदी की क्षमता अब 25 क्यूसिक से बढकर 50 क्यूसिक हो जाएगी। इस सरस्वती नदी के साथ ड्रेन का जीर्णोद्धार का कार्य शुरू कर दिया गया है। इस सरस्वती नदी के दूसरे किनारे को पक्का करने के लिए प्रदेश सरकार की तरफ से करीब 30 करोड़ का बजट खर्च किया जाएगा। उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच रविवार को सरस्वती ड्रेन के मेंटेनेंस कार्य का शुभारंभ करने के उपरांत अधिकारियों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच अधीक्षण अभियंता अरविंद कौशिक, अमित रोहिला व अन्य अधिकारियों ने मंत्रोच्चारण के बीच निर्माण कार्यों की नीव रखी और नारियल तोडकर कार्य का परम्परा अनुसार शुभारंभ भी किया। उपाध्यक्ष ने कहा कि सरस्वती नदी के साथ चलती ड्रेन के 19 किलोमीटर एरिया को दुरुस्त किया जाएगा। इस ड्रेन के निर्माण कार्य पूरा होने के बाद सरस्वती नदी का भी कायाकल्प हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सरस्वती नदी की क्षमता बढ़कर 50 क्यूसिक हो जाएगी और इसकी चौड़ाई भी 5 फीट तक पहुंच जाएगी। इस ड्रेन के ठीक होने के बाद शहर में सरस्वती नदी में गिरने वाले सभी गंदे पानी के बिन्दु बंद हो जाएंगे।इस सरस्वती नदी के साथ लगते ड्रेन का कार्य पूरा होने के बाद शहरी क्षेत्र में सरस्वती नदी के दूसरे किनारे को पक्का किया जाएगा और इस परियोजना पर करीब 30 करोड़ का बजट बोर्ड की तरफ से खर्च किया जाएगा।

- धुमन सिंह किरमच ने किया सरस्वती नदी के साथ ड्रेन के निर्माण कार्य का शुभारंभ



**कुरुक्षेत्र।** सरस्वती नदी के साथ ड्रेन के निर्माण कार्य का शुभारंभ करते धुमन सिंह किरमच।

# युवाओं को नशे व दूसरी कुरीतियों से बचाने के लिए आर्यसमाज से जोड़ना होगाः आचार्य देवव्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गुरुकुल कुरुक्षेत्र का वेद प्रचार विभाग गांव-गांव में जाकर युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृति को रोकने एवं लोगों को सन्ध्या, हवन के माध्यम से वैदिक संस्कृति से जोड़कर सभ्य समाज के निर्माण में अनुकरणीय कार्य कर रहा है। युवाओं में बढ़ती नशे की लत ने हजारों घरों को बर्बाद कर दिया है, युवाओं को नशे व दूसरी कुरीतियों से बचाने के लिए आर्यसमाज से जोड़ना होगा तभी समाज में नई जाग्रति आएगी और उन्नत राष्ट्र का सपना साकार होगा। उक्त शब्द गुरुकुल कुरुक्षेत्र में आयोजित आर्यसमाज के एक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहे। गुरुकुल के वेद प्रचार विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, हिसार, करनाल, यमुनानगर, अम्बाला, पंचकूला आदि जिलों की विभिन्न आर्यसमाजों के 200 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर प्रधान राजकुमार गर्ग, व्यवस्थापक रामनिवास आर्य, वेद प्रचार विभाग के वरिष्ठ भजनोपदेशक जयपाल आर्य, जसविन्द्र आर्य, मनीराम आर्य, सूर्यदेव आर्य, मुख्य संरक्षक संजीव आर्य सहित सभी वेद प्रचारक मौजूद रहे। आचार्यश्री ने कहा कि गुरुकुल कुरुक्षेत्र एकमात्र ऐसा संस्थान है जहां लोगों में कुरीतियों के विरूद्ध जाग्रति लाने के लिए वेद प्रचार विभाग का अलग से गठन किया गया है और 20 लोगों की टीम समाज से पाखण्ड, अंधविश्वास, कन्या भ्रूण हत्या, नशा व मांसाहार के विरूद्ध अभियान चलाकर लोगों को सद्मार्ग पर चलने का संदेश दे रहे हैं।

- गुरुकुल कुरुक्षेत्र में आर्यसमाज का हुआ कार्यक्रम



**कुरुक्षेत्र।** कार्यक्रम में मौजूद राज्यपाल आचार्य देवव्रत व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### कार्यक्रम में पहुंचे आर्यसमाजी

गुरुकुल कुरुक्षेत्र में हुए कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र से आर्यसमाज लाड़वा, छैलो, बारना, हथीरा, गुलडेरा से, करनाल से आर्यसमाज संगोही, यूनिसपुर, रायपुर, शाहपुर, बदरपुर, माजरा रोड़ान, जिला यमुनानगर से आर्यसमाज रेलवे रोड़, कलेसरा, लेदा खादर, रतनगढ़, मंढार, अम्बाला जिला से आर्यसमाज बनौंदी, नारायणगढ़, कलेरा, रामदास नगर अंबाला शहर, लण्ढा, कैथल जिला से आर्यसमाज पूण्डरी, बरसाणा, खानपुर, बालू, माणस, डुलियानी, पबनावा, मुनरहेड़ी सहित पंचकूला, जींद, हिसार जिलों से भी आर्यसमाज के प्रतिनिधि कार्यक्रम में शामिल हुए।

# यमुनानगर में एक घर से नकदी आभूषण और मोबाइल चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के मॉडल टाउन स्थित एक घर में घुसकर चोरों ने 12 हजार रुपये की नकदी, मोबाइल व चांदी का ब्रेसलेट चोरी कर लिया। चोरी के समय परिवार के लोग घर पर ही सोए हुए थे। जानकारी के अनुसार थाना शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में मॉडल टाउन निवासी अशोक कुमार ने बताया कि सुबह करीब पौने चार बजे वह उठा तो देखा कि उसका मोबाइल अपनी जगह पर नहीं था। मोबाइल की जांच करने पर पता चला कि उसकी घड़ीए चांदी का ब्रेसलेट व 12 हजार रुपये जो उसके तकिए के नीचे रखे थे वह भी वहां पर नहीं थे। रात में किसी ने उन्हें चोरी कर लिया। पड़ोसियों के सीसीटीवी देखने पर पता चला कि रात करीब ढाई बजे दो चोर कमरे मे आए और उसका सामान चोरी करके ले गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद केस दर्ज कर लिया।

# रोजगार पाने के लिए युवाओं में कौशल का होना जरुरीः पंजेटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

गुरूकुल खरकाली की ओर से रविवार को विश्व युवा कौशल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन डॉ. अमन पंजेटा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।चेयरमैन डॉ. अमन पंजेटा ने कहा कि आज पुरी दुनिया में विश्व युवा कौशल दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए रोजगार कौशल प्रदान करने के लिए प्रदेश में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर युवाओं को कौशल पाठ्यक्रम के मार्गदर्शन के लिए एक अनुठी पहल शुरू करके देश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा कौशल विकास मिशन युवाओं को अपनी पंसद के ट्रेड के अनुसार राज्य की योजनाओं के तहत निःशुल्क प्रशिक्षण के अवसर दे रहा है। राज्य मे एक लाख युवाओं को लक्षित करने से उन विद्यार्थियों का एक बडा डाटाबेस प्राप्त होगा। जो एचएसडीएम द्वारा राज्यभर मे 200 से अधिक प्रशिक्षणो केंद्रो से जुड़े होंगे। एचएसडीएम युवाओ को कौशल विकास कार्यक्रम के लिए उनके निकटतम कौशल विकास केंद्र मे पंजीकरण करने का निर्देश देगा। जहां वे अपनी पंसद के कोर्स कर सकते हैं।

# अंबाला पुलिस ने हेरोइन तस्करी के मामले में आरोपी को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

थाना अम्बाला छावनी क्षेत्र बीटा बूथ के नजदीक सुभाष पार्क अम्बाला छावनी से नशा तस्करी के मामले में 13 जुलाई 2024 को सीआईए-1 अम्बाला के पुलिस दल ने निरीक्षक हरजिन्द्र सिंह के नेतृत्व में तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी वरूण कुमार निवासी रामकिशन कालोनी अम्बाला छावनी जिला अम्बाला को 10 ग्राम 17 मिलिग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेजा गया। बीती 13 जुलाई को सीआईए-1 अम्बाला के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थो की तस्करी का कार्य करता है। पुलिस दल ने कार्यवाही करते हुए थाना अम्बाला छावनी क्षेत्र नजदीक सुभाष पार्क बीटा बूथ के पास नाकाबन्दी की। जहां एक व्यक्ति का काबू उसके पास से हेरोइन बरामद किया।


## धर्मकर्म

### देवों के देव महादेव का प्रिय महीना सावन

# अद्भुत संयोग में सावन मास सोमवार से शुरू सोमवार को समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

आषाढ़ माह के समापन के साथ ही हिन्दू पंचांग का पांचवां माह सावन शुरू हो जाएगा। यह महीना देवों के देव महादेव का प्रिय महीना भी कहा जाता है और इसका इंतजार सालभर किया जाता है। इस महीने में शिवालयों में भक्तों का तांता लगा रहता है। भक्त सोमवार के दिन व्रत रखते हैं और पूजा-अर्चना करते हैं। इस बार खास संयोग बन रहा है वो ये कि सावन मास की शुरूआत सोमवार से हो रही है और इसका समापन भी सोमवार को ही हो रहा है। ये इसलिए खास है क्योंकि सोमवार का दिन भगवान शिव को समर्पित किया गया है। गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र कुरुक्षेत्र के संचालक डॉ रामराज कौशिक ने बताया कि ऐसा माना जाता है कि सावन सोमवार को पूरे विधि विधान से शिवजी की पूजा करने पर सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं, वहीं इस वर्ष पहले सावन सोमवार का व्रत 22 जुलाई 2024 को रखा जाएगा।



डॉ रामराज कौशिक।

- सावन महीने में शिवालयों में भक्तों का तांता लगा रहता है तांता

### श्रावण पूजा विधि

श्रद्धालु सुबह जल्दी उठकर पूजा शुरू करने से पहले स्नान करें। भगवान शिव और माता पार्वती की प्रतिमा रखें, दीप जलाएं और प्रार्थना करें। शिव चालीसा, शिव तांडव स्तोत्र और श्रावण मास कथा का पाठ करें। शिव मंदिर जाएं और शिवलिंग पर पंचामृत (दूध, दही, शक्कर, शहद और घी) चढ़ाएं। शिवलिंग पर जल चढ़ाएं और फूलों और बेलपत्र से सजाएं। बेलपत्र भगवान शिव को बहुत प्रिय है। भगवान शिव को मिठाई का भोग लगाएं। अंत में भक्तों के माथे पर चंदन का लेप लगाएं और इत्र छिड़कें।

### शुभ योगों का संयोग

22 जुलाई को सावन के आरंभ होते ही प्रातः 05: 37 से रात्रि 10: 21 तक सर्वार्थ सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है। वहीं प्रीति योग जो 21 जुलाई को रात्रि 09:11पर शुरू होगा और 22 जुलाई को सायं 05:58 पर समाप्त होगा। तीसरा योग आयुष्मान योग है जो सायं 05: 58 से आरंभ होकर 23 जुलाई को दोपहर 02:36 पर समाप्त होगा।

### सावन सोमवार की तिथियां

22 जुलाई 2024- पहला सोमवार
29 जुलाई 2024-दूसरा सोमवार
05 अगस्त 2024- तीसरा सोमवार
12 अगस्त 2024- चौथा सोमवार
19 अगस्त 2024- पांचवा सोमवार

# ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव झींवरेहड़ी में गुरुद्वारा के नजदीक लकड़ी से भरी ट्रैक्टर.ट्राली ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक से नीचे गिरने से ट्रैक्टर का टायर महिला की टांग के ऊपर से निकल गया। उपचार के दौरान महिला की टांग काटनी पड़ी। वहीं चोट लगने से महिला के पति को भी एक आंख से दिखना बंद हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर आरोपी चालक पर केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

जानकारी के अनुसार थाना सदर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में महलांवाली गांव के सुखदेव सिंह ने बताया कि 10 जुलाई को वह अपनी पत्नी गुरलीन कौर के साथ जगाधरी से सामान लेने के लिए बाइक पर घर से चले थे। जब वह झींवरेहड़ी मोड़ गुरुद्वारा के नजदीक पहुंचे तो उनके आगे एक ट्रैक्टर ट्रॉली पॉपुलर की लकड़ी लोड करके ले जा रहा था। जब वह उसके पास से जा रहे थे तो ट्रैक्टर चालक ने अचानक से लापरवाही से चलाते हुए ट्रैक्टर को मोड़ दिया। जिससे ट्रैक्टर का टायर उनकी बाइक से टकराया। इसके बाद वह दोनों सड़क पर गिर गए। देखते ही देखते ट्रैक्टर ट्राली का टायर गुरलीन कौर की टांगों के ऊपर से निकल गया। जिससे उसकी दाई टांग चकना चूर हो गई। साथ ही उसे भी आंख व दाईं टांग पर चोट आई। लोगों की भीड़ को मौके पर देख कर आरोपी ट्रैक्टर चालक वहां से फरार हो गया। उसी समय उसके चाचा का लड़का गुरविंद्र सिंह मौका पर आ गया। डायल 112 की पुलिस गाड़ी में गुरलीन कौर व उसे बिठाकर उपचार के लिए गाबा अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने जांच करने के बाद उसकी पत्नी को ऑल केमिस्ट ओजस अस्पताल सेक्टर 26 पंचकुला रेफर कर दिया। जहां पर डॉक्टर को उपचार के दौरान उसकी पत्नी की टांग को काटना पड़ा।

- पुलिस ने ट्राली को कब्जे में लेकर अज्ञात चालक के खिलाफ किया केस दर्ज, उपचार के दौरान घायल महिला की टांग काटनी पड़ी

## खबर संक्षेप

### सेसा छोले बांटने से होते इंद्रदेव प्रसन्न : सचदेवा

**तरावड़ी।** दुर्गा मंदिर पास वर्षा की कामना करते हुए धार्मिक व समाजिक संस्थाओं से जुड़े लोगों द्वारा सेसा छोले का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान अमर चालवा व सन्नी सचदेवा ने उन्होंने बताया हमारे बुर्जुगों का भी यही कहना रहा हे सेसा छोले बांटने से इंद्रदेव प्रसन्न होते हैं।

### महीनों से बंद हैं चौराहे की हाई मास्ट लाइटें

**करनाल।** स्थानीय गोगडीपुर रेलवे ओवरब्रिज से सर छोटू राम नमस्ते चौक की ओर जाने वाली सडक़ के कन्हैया सिटी चौराहे पर लगी हाईमास्ट लाइटें पिछले कई महीनों से खराब पड़ी हैं। सामाजिक कार्यकर्ता एडवोकेट चौधरी शक्ति सिंह ने बताया कि रात के समय इस चौराहे से गुजरने वाले आसपास की कालोनियों में रहने वाले लोगों को अंधेरे के कारण दुर्घटना और लूटपाट का डर बना रहता है।

### कपिल के एसएस बोर्ड के सदस्य बनने पर बधाई दी

**करनाल।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वायंसेवक कपिल अत्रेजा को मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी ने हरियाणा राज्य कर्मचारी चयन आयोग का सदस्य नियुक्त किया हैं। डेरा कारसेवा गुरुद्वारा तथा गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी के प्रधान वरिंदर सिंह और महासचिव इंद्रपाल सिंह ने कपिल अत्रेजा की नियुक्ति पर मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी के प्रति आभार जताया।

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**कैथल।** चीका के टाटियाना के घग्गर पुल निकट अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा उसके परिजनों को सौंप दिया। दरियापुर के प्रदीप कुमार ने चीका पुलिस को शिकायत में आरोप लगाया है कि 13 जुलाई को जब उसका भाई अरुण बाइक पर सवार होकर जा रहा था। जैसे ही वह घग्गरपुर के पुल निकट पहुंचा तो एक अज्ञात वाहन चालक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया जहां पर उसने दम तोड़ दिया।

### कार की टक्कर लगने से बाइक सवार तीन घायल

**जींद।** गांव उझाना के निकट तेज रफ्तार कार ने ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। गांव धनौरी निवासी रोशनी ने पुलिस में बताया कि वह अपने बेटे जगशीर तथा पुत्रवधु बबीता के साथ बाइक पर सवार होकर नरवाना से घर लौट रही थी। गांव उझाना के निकट तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें तीनों घायल हो गए। घटना को अंजाम देकर चालक फरार हो गया।

### अग्निवीर में भर्ती के लिए आवेदन 28 तक मांगे

**कैथल।** विंग कमांडर एसवीजी रेड्डी ने बताया कि पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख के योग्य युवाओं की भारतीय वायु सेना में अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर के रूप में भर्ती प्रक्रिया आयोजित की जा रही है, जिसके लिए इन राज्यों के अविवाहित पुरुष एवं महिला उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ऐसे युवा जिनका जन्म 3 जुलाई 2004 से 3 जनवरी 2008 के मध्य हुआ है, आवेदन करने के लिये पात्र हैं। आवेदक पुरुष एवं महिला अविवाहित होना चाहिए।

### नूपुर के लिए आवेदन का आज आखिरी दिन

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा द्वारा आयोजित किए जा रहे शास्त्रीय नृत्य, कथक तथा भरतनाट्यम पर आधारित 12 दिवसीय कार्यशाला एवं एक दिवसीय कार्यक्रम नूपुर 2024-25 के ऑडिशन के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जुलाई है। कार्यक्रम में केवल हरियाणा मूल के युवा व उभरते कलाकार जिनकी आयु 15 से 35 वर्ष हो भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि शास्त्रीय कत्थक नृत्य तथा भरतनाट्यम ऑडिशन में भाग लेने हेतु कोई यात्रा, दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा।

## स्व. लाला सतपाल गोयल की याद में फ्री मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन

# हमारा फर्ज है कि हम बुजुर्गों को समाजसेवा करके याद करें

कैंप मे 290 लोग मेडिकल चेकअप करवाने के लिए पहुंचे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। तरावड़ी

हर साल की भांति इस बार भी स्व. लाला सतपाल गोयल की 13वीं पुण्यतिथि पर मानव सेवा दल आंखों के अस्पताल में भारत विकास परिषद और अमृतधारा माय हॉस्पिटल करनाल के संयुक्त तत्वावधान में उनके सुपुत्र पंकज गोयल सी.एम.डी 521 बासमती राइस परिवार द्वारा निःशुल्क मेडिकल चेकअप कैंप लगाया गया। जिसमे लगभग 290 लोग मेडिकल चेकअप करवाने के लिए पहुंचे और निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मानव सेवा दल के प्रधान व उद्योगपति 521 बासमती चावल के निर्माता पंकज गोयल ने ज्योत प्रज्व्वलित करके किया। इस अवसर पर उनके साथ भारत विकास परिषद के उपाध्यक्ष अमित आश्री, सचिव राकेश हंस व गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर पंकज गोयल ने बताया कि अपने बुर्जुगों के आशीर्वाद से मै आज इस मुकाम पर पहुंचा हूं और हमारा फर्ज बनता है कि हम उनकी स्मृति मे समाजसेवा करके उनको याद करे। उनकी पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर, आंखों के आपरेशन, मेडिकल कैंप लगाये जाते हैं। इस मौके पर अमृतधारा माय हॉस्पिटल करनाल के डॉक्टरों की टीम पहुंची। इस कैंप मे मरीजों की ईसीजी भी निःशुल्क की गई। अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि इस तरह के सामाजिक क्षेत्र के जनहित कार्यों के लिए अस्पताल हमेशा प्रतिबद्ध रहेगा। इस कैंप मे अमृतधारा माय हॉस्पिटल करनाल से हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.शिवांक गुप्ता, डॉ.गुलाम मलिक, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.नीतू भाटिया, मीनू मल्होत्रा, हरजीत सिंह सोढ़ी, सुनील बहल सहित अन्य स्टाफ ने स्वास्थ्य जांच शिविर में सहयोग किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष अमित आश्री, सचिव राकेश हंस, हंसराज पाहुजा, दीपक गोयल, विजय सिंगला, प्रमोद गोयल ,पीके भारद्वाज व कपिल अतरेजा, शाम बतरा और पदाधिकारियों ने भी सेवा की।



तरावड़ी। मेडिकल कैंप का ज्योति प्रज्ज्वलित करके शुभारंभ करते उद्योगपति पंकज गोयल। फोटो : हरिभूमि



तरावड़ी। कैंप मे लोग चेकअप के लिये रजिस्ट्रेशन करवाते हुए। फोटो : हरिभूमि




तरावड़ी। डाक्टरों की टीम लोगों का चेकअप करते हुए। फोटो : हरिभूमि



### जरूरतमंद परिवारों की चार कन्याओं का करवाया विवाह

**करनाल।** मानव सेवा संघ की ओर से रविवार को जरूरतमंद परिवारों की चार कन्याओं का विवाह करवाया गया। ससामुहिक विवाह समारोह की शुरूआत दीप प्रज्जवलित कर की गई। मुख्य अतिथि के रूप में सीएम के ओएसडी संजय बठला ने शिरकत की। उनके साथ कई राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक व शैक्षणिक हस्तियों ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। इस मौके पर संजय बठला ने कहा कि मानव सेवा संघ लंबे अर्से से नर सेवा ही नारायण सेवा के सिद्धांत पर कार्य करता आ रहा है। मानवता की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। कन्याओं का विवाह करवाना नेक कार्य है। समाज के जरूरतमंद तबके की मदद के लिए हम सबको आगे आना चाहिए। स्वामी प्रेममूर्ती ने बताया कि अब तक मानव सेवा संघ की ओर से 682 कन्याओं का विवाह करवाया जा चुका है। इस अवसर पर रेणु बाला गुप्ता, डा. गोपाल कृष्ण, लाजपत राय चौधरी, जयप्रकाश गोयल, दुलीचंद शर्मा, सुरेश जुनेजा, महिंद्र नरवाल, भगतराम, शामलाल गुप्ता, नगेश गुप्ता, बलदेव आर्य, कर्णवीर आर्य, मलखान सिंह, भूपिंद्र जोशी व सज्जन सिंहन मौजूद रहे।



### ताईक्वांडो चैंपियनशिप में हासिल किए 15 पदक

**करनाल।** एसके मार्शल आर्ट फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर सतीश कुमार राणा की देख रेख में एसके मार्शल आर्ट अकादमी के 16 खिलाडियों ने 13 जुलाई 2024 को करनाल में आयोजित 36वीं जिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप में भाग लेकर अपनी कला का जोरदार प्रदर्शन करके 15 मेडल हासिल किए जिसमें 11 गोल्ड मेडल 4 सिल्वर मेडल प्राप्त किए। गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ी मानवी, मनकीरत, हिमांशी, आरती, माहीका, पावनी, लीजा, आर्यन, सिद्धार्थ, मोक्ष, अनमोल और सिल्वर मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ी जाह्नवी, ओजस्वी, नैतिक, निष्ठा ने मेडल हासिल किए। इन खिलाड़ियों में से 11 गोल्ड मेडलिस्ट खिलाड़ियों का सलेक्शन हरियाणा स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए हो चुका है। अब यह खिलाड़ी हरियाणा स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में अपनी कला का प्रदर्शन दिखाने के लिए जाएंगे। इसी खुशी के पल पर मास्टर सतीश कुमार राणा ने सभी खिलाडियों को मोटिवेट करते हुए व जीवन में आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी और देश के लिए मेडल लाने के लिए प्रेरित किया और उन्हें अपना आशीर्वाद देकर खिलाडियों का मनोबल बढ़ाया।

## कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाएं: भगवानदास

हरिभूमि न्यूज ▶▶। तरावड़ी

नीलोखेड़ी विधानसभा के तरावड़ी मंडल की बैठक का स्वागत पैलेस मे आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता भगवान दास कबीरपंथी ने की। बैठक की शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर वन्देमातरम मातरम गीत गाकर किया गया। आज की इस बैठक में अलग अलग वक्ताओं ने अपने विचार रखे व पार्टी के द्वारा कराये गए विकास कार्यों की चर्चा की गई। इसी कड़ी में भाजपा नेता भगवानदास कबीरपंथी ने अपने सम्बोधन में भारतीय जनता पार्टी की केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई अनेक स्कीमो, योजनाओं, परियोजनाओं की विस्तार से व्याख्या की और ये सभी स्कीमो की जानकारी आम लोगों तक पंहुँचे ऐसी अपील सभी कार्यकर्ताओ से है। कार्यकर्ता आमजनों तक पंहुँचे अपने अपने क्षेत्र व आस पड़ोस में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का प्रचार करे। कबीरपंथी ने पार्टी द्वारा होने वाले आगामी कार्यक्रम के बारे भी विचार किया व आगामी होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भी तैयारी करें और जिन बूथों पर हमें और अधिक मेहनत करने की जरूरत है उसपर और मेहनत करें। इस बैठक में प्रवीण गुप्ता, देवेन्द्र कामरा, जय भगवान सीकरी, शिवनाथ कपूर, मीना चौहान, वीरेंद्र बंसल चेयरमैन, शीशपाल गुप्ता मंडी प्रधान, राजेश गर्ग, राकेश, नरेश बंसल, जोगिंदर, राजीव नारंग, रिंकू बंसल, सुभाष गुप्ता, रंजीत भारद्वाज, संयोगिता गुप्ता, रजनी शर्मा, गुड्डी,व सभी गणमान्य साथियों की उपस्थिति रही।



### किसी को अपना बनाना है तो बस मुस्कराओ

**उचाना।** शहर के प्राचीन राधा-कृष्ण मंदिर पुजारी पं. सत्यनारायण शांडल्यि ने कहा कि आप अपनी पांचों इंद्रियों का सदुपयोग करें। आप अगर सुखी जीवन जीना चाहता है तो तीन बातें ध्यान रखे। ठीक ढंग से रहना आ जाए, ठीक ढंग से अपनी बात कहना आ जाए, जरूरत पर सहना आ जाए। हमें ठीक ठंग से रहना नहीं आता, ढंग से अपनी बात कहनी नहीं आती और सहना भी नहीं आता है। बच्चों को मां-बाप कुछ कहते हैं तो बच्चों को सहन नहीं होता और वे घर छोड़कर तक चला जाता है। मां-बाप जब डांटे तो बच्चें ये सोचें कि मां-बाप नहीं डाटेंगे तो और कौन डाटेंगे। जब बच्चा गलती करें तो बड़े ये सोचे कि बच्चा गलती नहीं करेगा तो और कौन करेगा। किसी को अपना बनाना है तो बस मुस्कराओ।

## कवियों ने रचनाओं से मोहा मन

- सूर्य कवि पंडित लख्मी चंद जयंती के उपलक्ष्य में कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

हिंदी साहित्य प्रेरक संस्था जींद पंजी. के महासचिव बलराज स्नेही ने बताया कि सूर्य कवि पंडित लख्मी चंद जयंती के उपलक्ष्य में हरियाणा साहित्य अकादमी और संस्कृति अकादमी पंचकूला के तत्वावधान में पंडित लख्मी चंद की जयंती के उपलक्ष्य में हरियाणवी भाषा के विकास की संभावनाएं विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें हिंदी साहित्य अकादमी एवं हरियाणा साहित्य अकादमी के निदेशक डा. धर्म देव विद्यार्थी ने हरियाणाभर के साहित्य साधक व साधिकाओं को आमंत्रित किया। जिसमें हिंदी साहित्य प्रेरक संस्था जींद पंजी. का विशेष योगदान रहा। संस्था के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों पूरी भागीदारी रही और संस्था के चार पूर्वाअध्यक्ष भी मौजूद थे विभिन्न संस्था के सदस्यों ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। राष्ट्रीय कवि संगम, साहित्य सेवी संगठन उचाना, साहित्य शिखा नरवाना, संस्कार भारती जींद, साहित्य सभा कैथल, अखिल भारतीय साहित्य परिषद् जींद, भिवानी, रोहतक, झज्जर, पंचकूला के सदस्यों ने भी पुनीत अनुष्ठान में आहुतियां दी। संदीप शर्मा ने मां शारदे की वंदना की और मंच का संचालन डा जगदीप शर्मा राही ने किया। दोहा, कुंडली, गीत, गजल, कविता प्रस्तुत कर सामाजिक पहलुओं को छुआ।



जींद। बैठक में भाग लेते कवि।

### विशेष लोक अदालत 29 जुलाई से 3 अगस्त तक

**करनाल।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशानुसार विशेष लोक अदालत का आयोजन 29 जुलाई से लेकर 3 अगस्त तक न्यायिक परिसरों में किया जाएगा। विशेष लोक अदालत में सर्वोच्च न्यायालय भारत में लंबित वे मामले जिनमें सरकार पार्टी है, ऐसे मुकदमे विशेष लोक अदालत में रखे जा सकते है।

यह जानकारी जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डॉ सविता कुमारी ने दी। उन्होंने बताया कि करनाल जिला में स्थापित न्यायिक परिसरों में जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्रशेखर के मार्गदर्शन में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

## मेहनत से हर मुकाम हासिल कर सकते: कल्याण

- एथलेटिक्स चैंपियनशिप मे गोल्ड वाले से मिलकर बोले कल्याण

हरिभूमि न्यूज ▶▶। घरौंडा

रविवार को घरौंडा विधानसभा के गाँव अमृतपुर कला का युवा अतुल पुत्र बलवान जोगी पंचकुला मे आयोजित 63वीं नेशनल इंटर स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 मे गोल्ड मेडल जितने के पश्चात क्षेत्र के विधायक हरविंद्र कल्याण से मिले, इस दौरान विधायक कल्याण ने अतुल को उनकी उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी। बता दे कि 27 जून से 30 जून तक पंचकुला मे आयोजित राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता मे अतुल ने 400 मीटर रनिंग मे गोल्ड मेडल जीत कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया। अमित ने बताया कि मेरा सपना ओलम्पिक खेलने का है ओर मै उसे हर हालत मे पाकर रहूँगा। इस दौरान विधायक कल्याण ने उनको पटका पहना कर सम्मनित किया ओर उनकी उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इंसान की मेहनत के आगे कोई लक्ष्य बड़ा नही है मेहनत के आगे हर लक्ष्य छोटा पड़ जाता है। उन्होंने अमित को ओर उसके परिवार को बधाइदेते हुए कहा कि ये अतुल की मेहनत ओर माँ बाप की परवरिश का नतीजा है इसलिए हम सभी को अपने बच्चों की पढ़ाई व अन्य गतिविधियों पर नजर रखनी चाहिए.. इस दौरान रामनिवास जोगी, नरेश जोग पवन अतुल पुत्र बलवान जोगी, पवन, डॉ सतबीर, सोनू सरपंच, विनोद सरपंच, रामप्रशाद आदि मौजूद रहे ।



## नपा पूर्व अध्यक्षों ने सरकार से पेंशन बढ़ाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶। घरौंडा

प्रदेश सरकार ने जिला परिषद के अध्यक्षों सहित अन्य कई अध्यक्षों की पेंशन में बढ़ोतरी कर दी है। जिसके बाद नगरपालिका के पूर्व अध्यक्षों ने भी सरकार से पेंशन बढ़ाने की मांग की है। नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र सिंगला का कहना है कि सरकार नगरपालिका के अध्यक्षों की पेंशन में बढ़ोतरी करें। शनिवार को नई अनाज मंडी में पूर्व नगरपालिका के अध्यक्ष एकत्रित हुए और उन्होंने पैंशन बढ़ोतरी की मांग उठाई है। पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंगला, सरदार अमरीक सिंह, आज़ाद सिंह, मदन लाल वर्मा सहित अन्य अध्यक्षों ने कहा कि सरकार ने अभी तक उनकी पेंशन शुरू नहीं की है और न ही पेंशन में बढ़ोतरी की है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पेंशन लागू करने का वायदा किया था। उन्होंने प्रदेश मुखयमंत्री नायब सिंह सैनी से मांग की है कि उनकी पेंशन शुरू करके और साथ में बढ़ोतरी का भी ऐलान करें।



## सर्वमनोकामना सिद्धि, विश्व शांति की कामना के साथ किया हवन यज्ञ

- श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और हवन में आहूतियां डाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶। करनाल

सूर्य मंदिर में सर्वमनोकामना सिद्धि, विश्व शांति व परिवारों में समृद्धि की कामना के साथ हवन यज्ञ किया गया। आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और हवन में आहूतियां डाली। मुख्य यजमान के रूप में दिनेश राय और अनीता राय पहुंचे। भगवान सूर्य से सबके मंगलमय जीवन की कामना की गई। हवन यज्ञ मंदिर के पुजारी द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ विधिपूर्वक यज्ञ करवाया गया। पूर्णाहूति के बाद श्रद्धालुओं ने मंदिर की परिक्रमा की। सूर्यदेव को भोग लगाने के बाद प्रसाद बांटा गया। इस अवसर पर सूर्य मंदिर के प्रधान सुरेश कुमार यादव ने कहा कि सूर्य की किरणों को आत्मसात करने से शरीर और मन स्फूर्तिवान होता है। इस मौके पर यजमानों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शत्रोघन राय, उमेश चौहान, अर्जुन, राम बहादुर, सोगारथ, महेंद्र, संजय, सुधीर, राम दयाल, सत्यनारायण, राम नरेश, रामचंद्र, विनोद, सिकंदर, भूषण, भोला राय, दिलीप व अनिल मौजूद रहे।



### हरियाणा मांगे हिसाब कार्यक्रम में पहुंचने की अपील

## सरकार से जवाब मांगा जाएगा: भूपेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶। तरावड़ी

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं गांव सौंकड़ा के सरपंच प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह लाडी ने कहा कि हरियाणा मांगे हिसाब कार्यक्रम के तहत सरकार की जनविरोधी नीतियों को जनता के समक्ष लाया जाएगा, ताकि जनता अच्छी तरह से जान सके कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में उनके हकों से कुठाराघात हुआ है। वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह लाडी नीलोखेड़ी हल्के में लोगों को हरियाणा मांगे हिसाब कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर पहुंचने की अपील कर रहे थे। उन्होंने बताया कि हरियाणा के करनाल से सांसद दीपेंद्र हुड्डा इस कार्यक्रम की शुरूआत करेंगे। भूपेंद्र सिंह लाडी ने कहा कि हरियाणा मांगे हिसाब कार्यक्रम के तहत बेरोजगारी और कानून व्यवस्था जैसे मुद्दों को भी उठाया जाएेगा। इस कार्यक्रम को लेकर न केवल कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्त्ताओं ब्लकि आमजन में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस अभियान के दौरान लोगों के सामने भाजपा सरकार की विफलताओं को उजागर किया जाएेगा। भूपेंद्र सिंह लाडी ने कहा कि भाजपा सरकार रोजगार देने के साथ-साथ कानून-व्यवस्था बनाए रखने और किसानों की सुरक्षा समेत विभिन्न मोर्चों पर विफल रही है। कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह लाडी ने कहा कि केंद्र ओर प्रदेश की भाजपा सरकार ने युवाओं को रोजगार नही दिया। किसानों की मांगे नही मानी। यही नही हर वर्ग के कर्मचारी प्रदर्शन करने पर मजबूर हैं, क्योंकि सरकार उनकी समस्याओं का हल नही कर रही। भूपेंद्र सिंह लाडी ने कहा कि इस अभियान में हल्के के अधिकतर सरपंचों के साथ-साथ काफी संख्या में लोग और किसान भी हिस्सा लेकर सरकार की नाकामियों को उजागर करने का काम करेंगे। गांव सौंकड़ा के सरपंच प्रतिनिधि एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह लाडी ने बताया कि कांग्रेस पार्टी 'हरियाणा मांगे हिसाब' कार्यक्रम के तहत घर घर जाकर मौजूदा सरकार की 10 साल की विफलताओं को जनता के सामने रखेगी और कांग्रेस पार्टी के लिए गए संकल्प को जनता के पास लेकर जाएगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान कांग्रेस के घोषणापत्र के लिए जनता से राय ली जाएगी कि वह सरकार से क्या चाहते हैं।



भूपेंद्र सिंह लाडी।

**खबर संक्षेप**

### ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना किला पुलिस ने वधावाराम कॉलोनी निवासी कृष्ण से उसके बेटे को बैंक में सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर छह लाख रुपये की ठगी करने मामले में तीसरे आरोपी धीरज निवासी गांव बबैल हाल निवासी विजय नगर को गिरफ्तार किया है।

### जनसेवा कर रही है भाजपा

**पानीपत।** अपने जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गजेंद्र सलूजा ने रविवार को हुडा सेक्टर 12 का दौरा किया। यहां रमेश गल्होत्रा के निवास पर स्थानीय लोगों ने गजेंद्र सलूजा का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। जबकि गजेंद्र ने दावा किया कि भाजपा सरकार तन मन धन से जन सेवा कर रही है। इस अवसर पर महेंद्र गल्होत्रा, हरमीत सिंह, ऋतु रेवड़ी, नरेंद्र टकया, गुलशन आर्य, जगदीश चराया व मंगला आदि मौजूद रहे।

### मंदिर में 1.51 लाख दान किए

**पानीपत।** पानीपत के गांव डाढोला में गोगामेड़ी मंदिर निर्माण के लिए आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेता शशिकांत कौशिक ने 1.51 लाख रुपये का दान दिया। वहीं कौशिक ने गोशाला को 51 हजार तथा खिलाड़ियों को 21000 की नगदी सहयोग स्वरूप दी। इस अवसर पर पूर्व सरपंच मिंटू पसीना, पूर्व सरपंच हरदीप पसीना, बिल्लू भगत, नरेश शर्मा, सोमदत्त मिर्जापुर, विनोद आदि मौजूद रहे।

### बिजली निगम के खिलाफ प्रदर्शन

**पानीपत।** बिजली आपूर्ति बार बार बाधित होने से परेशान गढ़ी भलौर गांव के ग्रामीणों ने भाकियू जिलाध्यक्ष सूरजभान रावल के साथ बिजली की निर्बाध आपूर्ति की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। जबकि बिजली निगम के एसडीओ परविंद्र सिंह राठी ने बताया कि प्रयास किए जा रहे है कि किसानों को निर्बाध बिजली की आपूर्ति हो।

### चुनाव की तैयारी करें भाजपाई

**समालखा।** हरियाणा में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा नेता संजय छौक्कर ने जोन प्रभारियों के साथ बैठक की। बैठक में सूरत सिंह किवाना, आसा खारी नामुंडा, ईश्वर नरायणा आदि मौजूद रहे।

## एक विशेष प्रेरणात्मक सेमिनार का आयोजन

# अनुशासित मेहनत के बल पर मिलती है सफलता

### आईसीएआई के अध्यक्ष सीए जगदीश ने आईसीपी में छात्रों का मार्ग दर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आईसीपी शिक्षा संस्थान के संस्थापक सीए हिमांशु ग्रोवर के नेतृत्व में सीए छात्रों के लिए एक विशेष प्रेरणात्मक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में पानीपत ब्रांच ऑफ आईसीएआई के वर्तमान अध्यक्ष सीए जगदीश धमीजा मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित थे। सेमिनार की शुरूआत में सीए हिमांशु ग्रोवर और एडवोकेट दीपांशु ग्रोवर ने सीए जगदीश धमीजा का हार्दिक स्वागत किया। अपने वक्तव्य में, सीए जगदीश धमीजा ने छात्रों को अपनी सीए कोर्स की यात्रा के अनुभव साझा किए। उन्होंने कठिन समय में अपनी प्रेरणा को बनाए रखने के विभिन्न तरीकों पर प्रकाश डाला और बताया कि उन्होंने अपने सफर के उतार-चढ़ाव का कैसे सामना किया। सीए जगदीश धमीजा ने अनेक प्रेरणादायक उदाहरणों के माध्यम से छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए बताा कि सफलता की राह में आने वाले तनाव को कैसे संभाला जा सकता है। उनके विचारों ने छात्रों को अपने लक्ष्य की और मजबूती से आगे बढ़ने और आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंत में, सीए हिमांशु ग्रोवर ने सीए जगदीश धमीजा को उनके बहुमूल्य समय और प्रेरणादायक शब्दों के लिए धन्यवाद दिया। अनुशासित मेहनत के बल पर सफलतामिलती है। इस अवसर पर सीए हिमांशु ग्रोवर, एडवोकेट दीपांशु ग्रोवर और सीए इंदरजीत सिंह उपस्थित थे, जिन्होंने भी छात्रों को अपने अनुभवों से लाभ उठाने और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। आईसीपी शिक्षा का यह प्रयास छात्रों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक और लाभदायक रहा। संस्थान भविष्य में भी इस प्रकार के प्रेरणात्मक कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा ताकि छात्र अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रेरित और सशक्त हो सकें।



**पानीपत।** आईसीएआई पानीपत ब्रांच के अध्यक्ष सीए जगदीश धमीजा का स्वागत करते हुए हिमांशु ग्रोवर आदि। *फोटो : हरिभूमि*

# दुनिया के 50 देशों में मनाया चूरमा डे

- पाश्चात संस्कृति का त्याग कर भारतीय खाद्य पदार्थों को अपनाए युवा वर्ग : डॉ. नैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नवीन नैन भालसी ने बताया कि हरियाणवी सभ्यता व संस्कृति को बढ़ाते देते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दुनिया के 50 देशों के लोगों के साथ मिलकर ऑन लाइन प के माध्यम से विश्व स्तर पर चूरमा डे मनाया गया। वहीं डॉ. नवीन नैन भालसी ने स्वयं चूरमा बना कर अंतरराष्ट्रीय चूरमा दिवस मनाया। इधर, डॉ. नवीन नैन भालसी ने बताया कि चूरमा हमारी पुरानी व पौष्टिक मिठाई है और आज के समय में पश्चिमी संस्कृति के दिखावे में अपनी पुरानी खुराक या खान-पान को भूल कर पीजा, बर्गर, चाऊमीन आदि विदेशी खान पान को बढ़ावा दिया हुआ है, इन के सेवन से शरीर पर दुष्प्रभाव हो रहे है। बच्चें व युवा वर्ग की इम्युनिटी कम हो रही है, ये बीमारी की चपेट में आ रहे है। भारतीय संस्कृति का हर खाद्य उत्पाद मानव हितकारी है और पौष्टिक है। उन्होंने कहा कि बच्चों व युवा वर्ग में हमारे प्राचीन खाद्य पदार्थ प्रसिद्ध हो और इनका प्रयोग इसके मद्देनजर अंतराराष्ट्रीय स्तर पर चूरमा डे मनाया गया। दुनिया के 50 देखों में निवास कर रहे हरियाणा के नागरिकों ने चूरमा बनाया और खाया। प्रति दिन चूरमा का सेवन करने से मानव शरीर की इम्युनिटी बढ़ती है।



**पानीपत।** अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नवीन नैन भालसी चूरमा बनाते हुए। **फोटो :हरिभूमि**

### सूर्य कवि लख्मीचंद को याद किया

**पानीपत।** हरियाणवी लोक कला एवं संस्कृति के प्रचार प्रसार को समर्पित संस्था दादा लख्मीचंद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा एसडी कॉलेज में रविवार को सूर्य कवि दादा लख्मीचंद की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर काजल संदीप देशवाल जिला परिषद अध्यक्ष, कांग्रेसी नेता विजय जैन, बेला भाटिया, धर्मवीर पाढ़ा, मनोज जागलान एडवोकेट, दिव्या आर्य, सुनीता सिवाच, मोना शर्मा, प्रोमिला लठवाल, सोनिया,ज्योति डागर, भाजपा नेता दयानंद खूंगर, राजीव परूथी, रश्मी, संस्था के अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा, कार्यक्रम के संयोजक नरेंद्र गर्ग, दिनेश जून, पवन धीमान, सोमदत्त शास्त्री, कुलदीप रोहिल्ला, रामलाल भाटिया, गुलाब पांचाल, सुनील बूमबक आदि मौजूद रहे।

### जेजेपी नेता को अधमरा किया

**इसराना।** जेजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष व गांव इसराना के पूर्व सरपंच सुरेंद्र धौला पर रविवार की सुबह उनके खेतों में आधा दर्जन लोगों ने हमला कर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। चिंताजनक हालत में सुरेंद्र को पानीपत के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। इधर, सुरेंद्र के भाई नरेंद्र ने बताया कि जननायक ताऊ देवीलाल माडर्न कालोनी की 70 एकड़ जमीन पर दंबग लोग कब्जा कर खेती करना चाहते थे। इसका विरोध करने पर ही सुरेंद्र पर इनेलो के जिलाध्यक्ष के पुत्र व इसके साथियों ने हमला किया है। इधर, इसराना थाना पुलिस ने इस मामले की शिकायत की जांच शुरू कर दी है।

# भाजपा हर वर्ग की हितैषी है : ढांडा

- कार्यकर्ता लोगों के बीच जाकर पार्टी की जन कल्याणकारी नीतियों का प्रचार प्रसार करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

भाजपा बबैल मंडल पानीपत ग्रामीण की एक दिवसीय कार्यशाला पाल धर्मशाला नूरवाला में मंडल अध्यक्ष संजय त्यागी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें हरियाणा सरकार के मंत्री महिपाल ढांडा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कहा कि आने वाले चुनाव से पहले कार्यकर्ता लोगों के बीच जाकर पार्टी की जन कल्याणकारी नीतियों का प्रचार प्रसार करें व लोगों की समस्याओं का निवारण करने का काम करें। वहीं मंत्री ढांडा ने दावा किया कि भाजपा सरकार हर वर्ग की हितैषी है। बैठक को भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, रघुनाथ तंवर कश्यप, रविंद्र भाटिया, राजेंद्र हलदाना, कृष्ण आर्य, तेजबीर वडेच ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस अवसर पर मंडल महामंत्री सुमित गर्ग, कैलाश पाल, सत्यवान सरपंच, बिजेंद्र मलिक, पवन जांगड़ा, मांगेराम त्यागी, मेहरचंद जांगड़ा, नरेश त्यागी, उमेश सैनी, संदीप सांगवान, आशीष शर्मा, मनीष शर्मा, चितरंजन पराशर, अनिल शर्मा, प्रेम तोमर, बिजेंद्र पांचाल, सचिन पाल, शराफत, राकेश फौजी आदि मौजूद रहे।



**पानीपत।** सहकारी मंत्री महिपाल ढांडा का स्वागत करते हुए भाजपा नेतागण।



## खेलों से खिलाड़ी में बढ़ता है आत्म बल : देशवाल

**पानीपत।** पानीपत के गांव डाहर की रॉयल कबड्डी अकादमी में इनेलो व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष चौधरी रणवीर देशवाल ने शिरकत की और महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कडी मेहनत कर आगे बढ़ने का आह्वान किया। वहीं देशवाल ने कहा कि कबड्डी, भारत का प्राचीन खेल है और युवा वर्ग को अधिक से अधिक कबड्डी खेलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि खेल खेलने से इंसान का शरीर स्वस्थ्य रहता है। सभी को कोई न कोई खेल अवश्य खेलना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि खेलों में भाग लेने से युवाओं का मनोबल बढ़ता है और उनके अंदर हर तरह की परिस्थितियों से संघर्ष करने की शक्ति बढ़ती है। वहीं युवाओं को जीवन व खेल मेहनत व इमानदारी के साथ यापन करना चाहिए। इस अवसर पर रॉयल कबड्डी अकादमी के कोच जोगिंदर नंबरदार अमन समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कराटे खेल से शरीर की इम्युनिटी बढ़ती है : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के शिवाजी स्टेडियम में दो दिवसीय कराटे चैंपियनशिप के विजेताओं हरियाणा खेल कराटे संघ के सुशील शर्मा, योगेश कालरा, महासचिव कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया, पानीपत कराटे संघ के महासचिव अंकित जागलान, जिला प्रधान सचिन शर्मा, सुमित गौर ने सम्मानित किया। वहीं स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी 19 से 21 जुलाई को 23वी हरियाणा स्टेट कराटे चैंपियनशिप में पानीपत की टीम प्रतिनिधित्व करेंगे। इधर, केशवी, परनीत, माही, आध्या, हर्षिता, अक्षिता, वंशिका, खुशी, विधि, अवनी, आकशी, भागो, भूमि, सिया, निधि, लताशा, सुषमा, दृष्टि, हर्षिता, दृश्या, माही, निधि, सुधा, दुर्गा, दीक्षा, युग, आरव, शिवांस, विराज, गिप्पी, दक्ष, मानव, मयंक, अर्हियंत, अमन, दिल्लयर, रेहान, अंश, पुनीत, भावदीप, दिव्यंक, सूर्यांश, योगित, विवान, हरप्रीत, अंश, अंशु, आदित्य, रुद्रा, भावूवक, प्रियांश, लक्ष्य, प्रतीक, यश, लव, आंनद, शिवम, वंश, अरमान, यश, साहिल, आलोक, कार्तिक, विजता रहे। इस अवसर पर संजू जागलान, संजीव तोमर, नीरज, हरेंद्र, बिंनु, राजेश, निवेश, हरीश, आरती, प्रवीण, विकास आदि उपस्थित रहे। कराटे खेल से शरीर की इम्युनिटी बढ़ती है।



**पानीपत।** कराटे प्रतियोगिता में खिलाडियों का मुकाबले के लिए हाथ मिलवाते हुए अतिथिगण। *फोटो : हरिभूमि*

### पानीपत का नहीं हुआ विकास

**पानीपत।** पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह कादियान ने कहा कि भाजपा सरकार के राज में देश ही नहीं हरियाणा और पानीपत प्रदेश में त्राही-त्राही मची है। महंगाई और भ्रष्टाचार से आम जनता का जीना दूभर हो गया है। सड़कों का बुरा हाल है, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच चुका है। प्रदेश की जनता इस बार पूरी बदलाव के मूड में हैं। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा में अगली सरकार कांग्रेस की बनेगी। इस अवसर पर गंगा, जगदीश, रणबीर, श्याम लाल, धर्मबीर, ओमप्रकाश आदि मौजूद रहे।

- महंगाई और भ्रष्टाचार से आम जनता का जीना दूभर हो गया

# अधूरा रहने के कारण टाला इंटेंसिव केयर यूनिट का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के सिविल अस्पताल में इंटेंसिव केयर यूनिट (आईसीयू) का काम अब तक 60 प्रतिशत ही हुआ है। आईसीयू में बेड लगा दिए गए हैं लेकिन अब तक वेंटिलेटर इंस्टॉल नहीं हुए हैं। सी पैप मशीनें व ईसीजी मशीन लगाना भी बाकी है। आईसीयू के लिए अब तक स्टाफ नहीं आया है। आईसीयू के लिए पांच डॉक्टर व 10 नर्सिंग ऑफिसर आनी हैं। स्टाफ का आईसीयू चलाने के लिए प्रशिक्षण भी कराना है। पेडिंग काम के कारण सात जुलाई को होने आईसीयू का उद्घाटन टल गया था। फिर 14 जुलाई को उद्घाटन कार्यक्रम रखा गया। वहीं अधूरी तैयारियों के कारण आईसीयू का उद्घाटन कार्यक्रम अनिश्चित काल के लिए टल गया। स्मरणीय है कि पानीपत के सिविल अस्पताल में करनाल के असंध व घरौंडा, जींद के सफीदों, उत्तर प्रदेश के शामली व कैराना से भी मरीज आते हैं। ऐसे में यहां आईसीयू यूनिट की जरूरत है। इसी कारण यहां ओपीडी में भी मरीजों की संख्या अधिक रहती है और गंभीर मरीज भी आसपास के शहरों से रेफर होकर इमरजेंसी वार्ड में आते हैं। यहां आईसीयू की सुविधा होने से मरीजों को रोहतक पीजीआई व खानपुर मेडिकल कॉलेज रेफर नहीं करना पड़ेगा।

# रोपण के लिए पौधे दे रहा है रविंद्रा हॉस्पिटल प्रशासन

- हरियाणा के प्रदूषित शहरों में से एक पानीपत में पर्यावरण को घना करने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

बदलते परिवेश और मौसम के अत्यधिक उतार-चढ़ाव के बीच पर्यावरण संरक्षण एक चुनौती बन चुका है। इस चुनौती से निपटने के लिए जहां सरकार लोगों को जागरूक कर रही है, वहीं पानीपत के मॉडल टाउन क्षेत्र में स्थित रविंद्रा हॉस्पिटल में आने वाले रोगी को रोपने के लिए एक पौधा दिया जाएगा। पर्यावरण को घना करने की कवायद की शुरूआत रविंद्रा हॉस्पिटल के संचालक डॉ. तुषार कालड़ा द्वारा रविवार को उपचार के लिए आए मरीजों को पौधे देकर की गई। वहीं, डॉ. तुषार ने ब्रिगेडियर एसपी रावत और आईएएस एल फनाई को पौधे भेंट करते हुए बताया कि पर्यावरण जितना अधिक होगा, मानवता उतनी ही सुखी होगी। वहीं पर्यावरण अधिक होने से वातावरण शुद्ध होगा और प्रदूषण कम होगा, इससे मानव को शारीरिक व मानसिक लाभ होगा। उन्होंने बताया कि जहां पर्यावरण अधिक होता है, वहां मानव संबंधी समस्याओं का काफी हद तक हल हो जाता है। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पौधे रोपने व उनकी वाहन होने तक देखभाल करने की अपील की। जबकि ब्रिगेडियर एसपी रावत, एल फनाई, डॉ. आशुतोष, डॉ. किरत, डॉ. संतोष आर्य, डॉ. मैरी कालड़ा, डॉ. अंकित सैनी, प्रवीण कौशिक ने रविंद्रा हॉस्पिटल द्वारा पर्यावरण को बढ़ावा देने की इस पहल की सरहाना की और पर्यारण को घना करने में सहयोग देने का आश्वासन दिया।



**पानीपत।** रविंद्रा हॉस्पिटल के संचालक डॉ. तुषार कालडा, ब्रिगेडियर एसपी रावत व आईएएस एल. फनाई को पौधा भेंट करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

# जनता तक ले जाएंगे कल्याण-कारी योजनाओं का लाभ

- कांग्रेस ने अपने राज में जनता का शोषण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

भाजपा पानीपत शहरी विधानसभा के द्वारा आयोजित विस्तारित मंडल कार्यकारिणी की बैठक में विधायक प्रमोद कुमार विज ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में प्रदेश में भाजपा की तीसरी बार सरकार बने इसके लिए पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं को दिन-रात मेहनत करनी होगी। वहीं, प्रदेश सरकार के द्वारा किए गए 10 सालों के जनकल्याणकारी कार्य जनता तक पहुंचाने होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को कांग्रेस के दुष्प्रचार का भांडाफोड जनता के बीच करना होगा, ताकि जनता को पता चल सके कि सच क्या है और भाजपा सरकार जनता का कितना हित करती है। जबकि कांग्रेस ने अपने राज में जनता का चौतरफा शोषण किया था। बैठक को भाजपा नेता गजेंद्र सलूजा, रविंद्र भाटिया, डॉ हेमा रमन, राजेश भारद्वाज, राजवीर चौहान, ऋषि पाल रावल आदि ने संबोधित किया।

# व्यापारियों की हर समस्या का किया जाएगा समाधान : डॉ. सुरेंद्र

- राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ पानीपत के जिलाध्यक्ष नियुक्त किए गए डॉ. टुटेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ ने डॉ. सुरेंद्र टुटेजा को पानीपत का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं डॉ. सुरेंद्र टुटेजा ने बताया कि देश में व्यापारी वर्ग बहुतायत संख्या में है और व्यापारी वर्ग सरकार सबसे ज्यादा टैक्स देता है। इसके बावजूद भी व्यापारी वर्ग अनेक समस्याओं से जुझता है। समस्याओं के चलते व्यापारी वर्ग उतनी तरक्की नहीं कर पा रहा है जितनी की उन्हें करनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ के माध्यम से व्यापारियों की लघु व दीर्घ समस्याओं का निराकरण हो सकेगा। वहीं, राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ पानीपत के व्यापारियों के हितों के लिए धरातल पर हर संभव प्रयास करेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय विकास सेवा संघ पानीपत के हर तरह के व्यापारी को अपने साथ जोड़ेगा। इधर, संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, प्रदेशाध्यक्ष सतराज जून, महासचिव सुरेंद्र वशिष्ठ ने डॉ. सुरेंद्र टुटेजा को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए हर संभव सहयोग का आश्वसन दिया। जबकि डॉ टुटेजा को पुराना औद्योगिक क्षेत्र एसोसिएशन के सदस्य संजीव भंडारी, मुकेश मदान, संदीप रेल्हन ने, गुड मंडी के प्रधान सुनील सिंगला, अजय सिंह चौहान, डॉ महेंद्र शर्मा, संयुक्त व्यापार मंडल समिति के पदाधिकारी अशोक सलूजा, अनिल चावला, वीर भान बठला, सरदार सरबजीत सिंह अहलूवालिया, ग्राहक सेवा संघ के सदस्य राजेश सैनी, प्रीतपाल सिंह, जितेंद्र रोड, विनीत मेहता, राम मोहन शर्मा आदि ने बधाई देते हुए सहयोग देने का आश्वासन दिया है।



डॉ. सुरेंद्र टुटेजा।

## आदर्श एक विश्वास व गायत्री हेल्थ केयर के कैंप में नागरिकों का स्वास्थ्य जांचा

# मानव के लिए बहुत ही घातक है जंक फूड : डॉ. केदार

- शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों का स्वास्थ्य जांचा और उन्हें दवाइयां दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आदर्श एक विश्वास संस्था द्वारा 61वां होम्योपैथी व फिजियोथैरेपी कैंप का आयोजन लक्ष्मी नारायण बारात घर सभा हरि बाग कॉलोनी में किया गया। मेडिकल कैंप का शुभारंभ लक्ष्मी नारायण मंदिर के ट्रस्टी मोहिंद्र हुडिया व समाजसेवी गुलशन बतरा गायत्री हेल्थ केयर वाले द्वारा किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों का स्वास्थ्य जांचा और उन्हें दवाइयां दी। वहीं कैंप में अधिकतर लोगों को त्वचा संबंधित, बीपी, शुगर, जोड़ों का दर्द, लीवर से संबंधित, एलर्जी व पाचन रोग से पीड़ितों का तांता लगा रहा। इधर, होम्योपैथी स्पेशलिस्ट डॉ.केदार बतरा ने नागरिकों से अपील की कि वे जंक फूड का सेवन न करें, जंक फूड मानव शरीर के लिए बहुत ही घातक है और शरीर में रोगों को बढ़ावा देता है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपने भोजन में मिलेट्स को बढावा दें और हरी सब्जियां, दाल आदि का प्रयोग करें। घर में बने भोजन का ही सेवन करें, जहां तक हो सके बाहर का भोजन ना खाएं। उन्होंने दावा किया कि होम्योपैथी एक ऐसी पद्धति है जिसमें सब रोगों का इलाज संभव है एवं इसका कोई साइड इफेक्ट भी नहीं है। फिजियोथैरेपी डॉ.पारस ने बताया कि काफी मरीज कमर दर्द व कंधा जाम की शिकायत के साथ आये उन्हें दवाई दे कर उचित कसरत व सही ढंग के बैठने व सोने के बारे में समझाया। इस अवसर पर आदर्श एक विश्वास से नवीन मुंजाल, संदीप, अशोक, अशोक कनोजिया, राकेश राजपूत, महावीर शर्मा, दीपांशा, चंद्र प्रकाश उपस्थित रहे। कैंप में मुख्य अतिथि के रुप में चार्टेड एकाउंटेंट एसोसिएशन से देवेन्द्र कपूर, जितेन्द्र गुप्ता, हंस राज चुघ, कुलदीप शर्मा, अवनीश ठाकुर विश्व भारती विद्या निकेतन स्कूल से उपस्थित रहे।



**पानीपत।** पानीपत में होम्योपैथी विशेषज्ञ डॉक्टर केदार बतरा, नागरिकों का स्वास्थ्य जांचते हुए। **फोटो :हरिभूमि**

## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय सर्वोतम माता पुरस्कार कार्यक्रम 15 को

**अंबाला।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 15 जुलाई को प्रातः 10 बजे सोमवार को पुलिस डीएवी स्कूल के सभागार में राज्य स्तरीय सर्वोत्तम माता पुरस्कार का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री असीम गोयल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। यह जानकारी महिला एवं बाल विकास अधिकारी कविता रानी ने दी।

### महिला का पर्स छीना पार्क से घर लौट रही थी

**अंबाला।** अंबाला में पार्क में घुमने के बाद बाइक पर पति के साथ घर लौट रही एक महिला का एक बाइक पर आए स्नैचर ने पर्स छीन लिया और फरार हो गया। पर्स में सोने के टॉप्स, 10 हजार कैश समेत अन्य सामान था। महिला के पति ने पुलिस को शिकायत सौंप कार्रवाई की मांग की है। सेक्टर-10 निवासी मोहिंद्र सिंह ने बताया कि वह शनिवार की शाम अपनी पत्नी के साथ सुभाष पार्क आया था। यहां से वापस घर लौटते समय सिया वाटिका के पास बाइक पर एक युवक आया और उनकी बाइक के पास अपनी बाइक लगाई। बाइक चालक उसकी पत्नी का कंधे से पर्स छिनकर फरार हो गया।

### रोहतक रोड पर लगाया स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

**नरवाना।** फर्नीचर एसोसिएशन के प्रेस सचिव सोकत अली के प्रतष्ठिान रोहतक रोड पर साहिल स्टील पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में आसपास के लोगों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया गया। शिविर में कुल 51 यूनिट रक्त इकट्ठा किया गया।

### सत्ता के जाने के डर से खुद के फैसले बदल रही भाजपा

**उचाना।** मार्केट कमेटी पूर्व चेयरमैन एवं कांग्रेस नेता वीरेंद्र घोघड़िया घोघड़िया ने जनसंपर्क अभियान के तहत ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार अब सत्ता से बेदखल होने के डर से हर रोज यू-टर्न लेने में लगी है। यू-टर्न का रिकॉर्ड बनाने के बाद भी अब इनका सत्ता में बने रहना मुमकिन नहीं है। हरियाणा में प्रशासनिक स्तर पर लग रहे समाधान शिविर एक दिखावा मात्र है। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र, फैमिली आईडी आम जनत के लिए परेशानी का सबब बन चुकी है।

---

बच्चों ने दर्शकों को आन्निदत करने के साथ-साथ उन्हें हरियाणा की विकास से अवगत करवाया

# राहगीरी कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने तीर चलाकर लगाया निशाना

कार्यक्रम में प्रसिद्ध हरियाणवी गायक नवीन पूनिया ने अपने गीतों के माध्यम से दर्शकों को खूब रोमांचित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। राहगीरी कार्यक्रम में तीरदांजी करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

- एक पेड़ लगाओ मेरे हरियाणा नै हराभरा बणाओ, विषय पर हुई लघु नाटिका


दुनिया में होगा म्हारे हरियाणे का नाम नई उड़ान में उडता चाले गीत की धून रही पीकेआर जैन वाटिका के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए इस सांस्कृतिक कार्यक्रम ने दर्शकों को आन्निदत करने के साथ-साथ उन्हें हरियाणा की विकास गाथा से अवगत करवाया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध हरियाणवी गायक नवीन पूनिया ने अपने गीतों के माध्यम से दर्शकों को खूब रोमांचित किया तथा मुख्यमंत्री ने भी उनकी कला को सराहा।

बता दें कि हरियाणा उदय कार्यक्रम के अन्तर्गत रविवार को अम्बाला शहर में राहगीरी कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की और राहगीरी कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों तथा अन्य लोगों का उत्साह करते हुए उनकी हौसला अफजाही की। स्कूली बच्चों द्वारा राहगीरी कार्यक्रम के दौरान एक पेड़ लगाओ मेरे हरियाणा नै हराभरा बणाओ, विषय पर लघु नाटिका प्रस्तुत की गई, जिसकी मुख्यमंत्री तथा दर्शकों द्वारा सराहना की गई। इस नाटिका द्वारा पेड़ों के महत्व व पर्यावरण प्रदूषण के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में वालीबॉल खेल रहें बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह ने वॉलीबॉल पर हाथ आजमाए और खेलों से व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी होने का संदेश दिया। नगर निगम अम्बाला द्वारा लगाए गए स्टॉल पर पर्यावरण एवं स्वच्छता तथा पॉलिथीन के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया गया। इस स्टॉल के अवलोकन के दौरान मुख्यमंत्री ने स्वच्छ पर्यावरण के लिए पेड़ पौधो की आवश्यकता का संदेश दिया। जिला रैडक्रॉस सोसायटी द्वारा लगाए स्टॉल पर प्राथमिक उपचार सम्बधी जागरूक करने के बारे में जानकारी दी गई। इस स्टॉल के अवलोकन के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह ने डम्मी के माध्यम सीपीआर कैसे दी जाती है यह करके देखा। राहगीरी कार्यक्रम के मंच पर हरियाणा पुलिस के आरकेस्ट्रा टीम द्वारा पुलिस की डयूटी क्या है और वह कैसे करते हैं, विषय पर गीत इस वर्दी पर सांनू मान है लोगों की प्रस्तुति दी गई, जिसे भी मुख्यमंत्री द्वारा सराहा गया।

### पेंटिंग से पर्यावरण के प्रति किया जागरूक

राहगीरी कार्यक्रम में खेल विभाग के अन्तर्गत बच्चों एवं खिलाड़ियों ने जुडो कराटे, हॉकी, गतका, फैन्सिंग, तिरनदाजी,शुटिंग आदि खेलों का बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिनका अवलोकन भी मुख्यमंत्री द्वारा करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया। स्कूली बच्चों द्वारा पर्यावरण सम्बंधी विषय पर पेंटिंग बनाकर कार्यक्रम में पहुंचे लोगों को पर्यावरण के बारे में जागरूक किया गया और पेड़ पौधों के महत्व पर प्रकाश डाला गया। रोटरी कल्ब अम्बाला द्वारा अंगदान करने के विषय में स्टॉल लगाकर लोगों को जागरूक किया। प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा मेडिटेशन और सडक सुरक्षा बारे जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के दौरान आयुष विभाग के बैनर तले बच्चों ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए योग का जीवन में महत्व को दर्शाते हुए विभिन्न योग की क्रियाएं प्रस्तुत की गई।



बराड़ा। बाल कलाकार को सम्मानित करते हुए राष्ट्रीय पंजाबी महासभा।

## राष्ट्रीय पंजाबी महासभा ने पंजाबी बाल कलाकार रमनजोत को किया सम्मानित

- पटका पहना व प्रशंसा पत्र दे बढ़ाया हौसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

राष्ट्रीय पंजाबी महासभा द्वारा बराड़ा के 8 वर्षीय पंजाबी कलाकार रमनजोत सिंह को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के प्रदेश महासचिव चौधरी राकेश भल्ला ने महासभा के अपने गांव उगाला में स्थित कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन कर बाल कलाकार रमनजोत सिंह को पटका पहनाकर व उसकी उपलब्धि के लिए प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह में बोलते हुए कहा कि राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के प्रदेश महासचिव चौधरी राकेश भल्ला ने कहा कि रमनजोत सिंह ने न केवल अपने मां-बाप, क्षेत्र बल्कि पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। क्षेत्र में रह रहे पंजाबी समुदाय के लिए गौरव की बात है कि एक बच्चे ने पंजाबी फिल्मों , वेब सीरीज व गानों में अपने अभिनय का बेहतर प्रदर्शन कर पंजाबियों का रुतबा बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि आपने बचपन में कई किस्सों के बारे में सुना है जैसे चींटी की कहानी जो पहाड़ पर चढने की कोशिश करती है, और धीरे-धीरे सावधानी संयम बढ़ाते हुए आखिर वह मंजिल को पा ही लेती है, ठीक उसी प्रकार सावधानी और स्थिरता से जिंदगी की जंग जीती जाती है। राकेश भल्ला ने कहा कि जिंदगी एक जंग है और जब तक जीवन है तब तक पढने और सीखने की उम्र है, जिंदगी में बहुत कुछ हम अपने तजुर्बे से सीखते हैं और बहुत कुछ समय सिखा देता है, लेकिन जिंदगी में मंजिल को पाने के लिए जब तक आप सफल न हो जाएं तब तक आपको कोशिश करते रहना चाहिए। सम्मान समारोह में रमनजोत सिंह के पिता बलविंदर सिंह ने कहा कि सफलता की परिभाषा हर व्यक्ति की भिन्न हो सकती है लेकिन आपकी भावनाएं आपकी खुद की जिम्मेदारी है।

---

## प्रदेश में फिर बनेगी भाजपा सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

हल्का मुलाना की पूर्व विधायक संतोष चौहान सारवान ने आज हल्का मुलाना के साहा मंडल में दो दर्जन से अधिक गांव का दौरा कर लोगों से संपर्क साधा। पूर्व विधायक द्वारा पिछले लगभग 20 दिनों से क्षेत्र में लोगों से जनसंपर्क का कार्यक्रम जारी है। अपने कार्यक्रमों के दौरान वह मौजूदा सरपंचों, पूर्व सरपंचों व भाजपा कार्यकर्ताओं से मिल रही है। उन्होंने कहा कि उन्हें लोग सामने आकर कह रहे हैं कि जितना विकास मुलाना विधानसभा का उनके कार्यकाल में हुआ शायद ही कोई विधायक करवा पाए, वहीं संतोष चौहान सारवान ने उन्हें आश्वासन देते हुए कहा कि अगर उन्हें दोबारा मौका मिलता है तो पिछले 5 साल की रही कसर वह 1 साल में निकाल देंगी और विकास कार्यों की झड़ी लगा देंगी। उन्होंने कहा कि वह हलका मुलाना विधानसभा क्षेत्र को खूबसूरत बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगी। सारवान ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में फिर से भाजपा की सरकार तीसरी बार हरियाणा प्रदेश में बनने जा रही है।



बराड़ा। कार्यकर्ताओं से मुलाकात करते हुए पूर्व विधायक संतोष चौहान सारवान।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर कृष्ण राणा, जिला महामंत्री गोल्डी सैणी, पूर्व जिला सचिव रमन वासन, नंबरदार अश्वनी शर्मा, मोहित शर्मा, साहब सिंह, विशाल गुजर, प्रवेश मेंहदीरत्ता, नरेश साबांपुर, राजीव नहोनी, जागीर सरपंच तलहेडी, दलजीत राणा, प्रदीप डोगरा, अशोक मेंहदीरत्ता, मदन बत्रा, नवाब सरपंच, सतीश शर्मा, सुरजीत सरपंच, मनीष राणा, रमेश गेरा, मनीष कुमार सहित कार्यक्रम में सरपंचों पूर्व सरपंचों सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पार्षद मिथुन बने कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रदेश महासचिव

- जन-जन तक कांग्रेस की नीतियां पहुंचाई जाएंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। नियुक्ति पत्र प्राप्त करते हुए मिथुन वर्मा।

कांग्रेस ओबीसी विभाग द्वारा करनाल में आयोजित पिछड़ा वर्ग न्याय चौपाल कार्यक्रम में कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन एवं पूर्व मंत्री कप्तान अजय सिंह यादव ने रमेश सैनी, चेयरमैन कांग्रेस ओबीसी विभाग द्वारा जारी किया गया नियुक्ति पत्र, पार्षद मिथुन वर्मा एडवोकेट को सौंपा जिसमें मिथुन वर्मा को प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग हरियाणा का महासचिव नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रदेश महासचिव मिथुन वर्मा एडवोकेट ने अपनी नियुक्ति पर, लोकसभा सांसद, प्रभारी उत्तराखंड, एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, बहन कुमारी सैलज़ा, कांग्रेस ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन कप्तान अजय सिंह यादव, प्रदेश अध्यक्ष रमेश सैनी एवं आयोजन में उपस्थित विधायक शमशेर सिंह गोगी कार्यकारी अध्यक्ष एचपीसीसी सुरेश गुप्ता इत्यादि नेताओं का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें जो दायित्व दिया गया है , उसका पूरी तरह से निर्वाह करेंगे और प्रदेश कांग्रेस संगठन को मजबूत करने का कार्य पूरी लग्न, निष्ठा और मेहनत से करेंगे। अधिक से अधिक लोगों को संगठन के साथ जोडने का कार्य किया जाएगा। जन-जन तक कांग्रेस की नीतियां पहुंचाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में पिछड़ा वर्ग कल्याण/उत्थान के लिए प्रदेश भर में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मिथुन वर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही 36 बिरादरी को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने ओबीसी वर्गों को झूठे आश्वासन देकर ओबीसी वर्गों के साधारण लोगों का वोट बीजेपी की ओर स्थानांतरित करवा लिया था और बीजेपी द्वारा पिछले 10 सालों से ओबीसी वर्गों की बिल्कुल अनदेखी की गई और अब धीरे धीरे ओबीसी वर्गों का आरक्षण भी समाप्त किया जा रहा है। बीसी वर्ग अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहा है। वर्मा ने कहा कि जब से कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने ओबीसी वर्गों की आवाज़ सडक़ और संसद में उठाई और यह नारा दिया कि जिसकी जितनी संख्या भारी उतनी उसकी हिस्सेदारी उसके बाद से ही अब ओबीसी वर्गों को पूर्ण विश्वास हो चुका है कि केवल कांग्रेस पार्टी ही पिछड़ों को न्याय दिलवा सकती है। वर्मा ने ओबीसी वर्गों के कार्यकर्ताओं को आवाह्न किया कि आने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव में लगभग तीन महीने से भी कम का समय बचा है ऐसे में वे घर-घर जाएं तथा लोगों को भाजपा सरकार की खामियों के बारे में बताएं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने शासनकाल के दौरान हर वर्ग को ठगने का काम किया है। युवा बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं और नशाखोरी का शिकार हो रहे हैं। भ्रष्टाचार, अपराध और महंगाई बढ़ती जा रही है।

## अंबाला में युवती और विवाहिता लापता

- डांस एकेडमी में गई थी लडक़ी
- महिला गई थी अपनी मां से मिलने मायके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला जिले में अलग-अलग जगह घर से निकली 23 वर्षीय युवती व 32 साल की एक विवाहिता लापता हो गई। दोनों का कहीं सुराग नहीं लगा तो परिजनों ने संबंधित पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस दोनों मामलों में कॉल डिटेल निकाल आगामी कार्रवाई कर रही है। अंबाला कैंट के गांव बोह निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी 23 वर्षीय बेटी 11 जुलाई को सुबह साढ़े 10 बजे घर से महेश नगर डांस एकेडमी के लिए कहकर निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। उसने अपने स्तर पर हर जगह तलाश की, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं लगा। महेश नगर थाने की पुलिस ने पिता की शिकायत पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### मां से मिलने निकली विवाहिता, वापस नहीं लौटी

उधर ससुराल से मायके के लिए निकली विवाहिता लापता हो गई। अंबाला सिटी की चौकी नंबर-4 की पुलिस को दी शिकायत में हाशमी मोहल्ला निवासी युवक ने बताया कि उसकी 32 वर्षीय पत्नी 11 जुलाई को घर से बोलकर निकली थी कि मैं अपनी मां के पास गांव मच्छौंडा जा रही हूं। उसकी पत्नी न तो अपने मायके पहुंची और न ही वापस ससुराल आई। युवक ने बताया कि उन्होंने हर जगह तलाश कर ली है, लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने युवक की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## युवक पर जानलेवा हमलाः दरवाजा तोड़कर घर से बाहर निकाला

- मुंह में पिस्टल घुसाई, मरा हुआ समझ छोड़कर भागे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर में रंजिशन एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। बदमाशों के पास देसी कट्टा, गंडासी, लोहे की रॉड व चाकू थे। हमले में बुरी तरह घायल हुए युवक के बयान के बाद पुलिस ने अब 7 आरोपियों के नामजद करते हुए आम्र्स एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।

### दोस्त के साथ जा रहा था पीड़ित

अंबाला सिटी के पटेल रोड काजीवाड़ा मोहल्ला निवासी निखिल छाबड़ा ने बताया कि वह 13 जुलाई की शाम को अपने दोस्त लक्ष्य के साथ एक्टिवा पर दुकान से सामान लेने जा रहा था। इस बीच लेफ्टी और उसके दोस्त खड़े मिले और कहने लगे कि निखिल छाबड़ा जा रहा है।

उसे पकड़ कर मार दो। उसे आवाज सुनाई दी तो उसने एक्टिवा दौड़ा ली। युवक ने बताया कि लेफ्टी और उसके दोस्त 2 अलग-अलग बाइक पर उसके पीछा करने लगे। जैसे ही वह गोशाला के पास घास मंडी रोड पर पहुंचा तो उनकी एक्टिवा को गिरा दिया।

### मकान से घसीटकर किया हमला

शिकायतकर्ता ने बताया कि उसका दोस्त लक्ष्य दुकान में घुस गया और वह गली में दौड़ गया। वह अपनी जान बचाने के लिए एक निर्माणाधीन मकान में घुस गया और वहां के दरवाजे बंद कर लिए। आरोपी लेफ्टी और उसके साथी उसी मकान में घुस गए और जिस कमरे में वह छुपा हुआ था। उसके दरवाजे तोडक़र उसे बाहर निकाल कर ले आए। यहां से हमलावर उसे टांगों व हाथों से घसीटकर उसी मकान के मेन गेट पर ले गए।

यहां प्रदीप उर्फ लेफ्टी के हाथ में गंडासी थी और डब में देसी कट्टा लगा हुआ था। अभिषेक उर्फ कालिया के हाथ में देसी कट्टा, सागर मैहरा व मोनू चौहान के हाथ में गरारी वाली गंडासी, अंकुश व अभय सौदा के हाथ में लोहे की रॉड, रोहित के हाथ में चाकू था। यहां बदमाशों ने उसे हथियारों से मारना शुरू कर दिया।

### मरा समझकर आरोपी हुए फरार

पीड़ित ने बताया कि अभिषेक उर्फ कालिया ने अपने हाथ में लिए देसी कट्टा को मारने के लिए उसके मुंह में घुसाया। यहां काफी देर तक मारने के बाद मरा हुआ समझ कर अपनी-अपनी बाइक पर फारर गए। अंबाला सिटी थाने की पुलिस ने आरोपी प्रदीप उर्फ लेफ्टी, अभिषेक उर्फ कालिया, सागर मैहरा, मोनू चौहान, अंकुश, रोहित व अभय सौदा के खिलाफ धारा 191(3), 190,115(2), 118(1), 109 व 351(3) बीएनएस व आम्र्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अवैध देसी कट्टा व चार जिन्दा रौंद सहित आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

थाना मुलाना क्षेत्र से अवैध देसी कट्टा व चार जिन्दा रौंद रखने के मामले में 13 जुलाई 2024 को सीआईए-2 के पुलिस दल ने निरीक्षक नरेश कुमार के नेतृत्व में तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी गुरसेवक निन्दी निवासी गांव खान अहमदपुर जिला अम्बाला को अवैध देसी कट्टा व 04 जिन्दा रौन्द सहित गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 03 दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया। सीआईए-2 के पुलिस दल को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी के पास अवैध हथियार है जो किसी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। आरोपी आज गांव खान अहमदपुर में अवैध हथियार ले कर घुम रहा हैं जो पैदल सरकारी स्कूल के पास से गुजरेगा यदि तुरन्त कार्यवाही की जाए तो उसे अवैध हथियार सहित काबू किया जा सकता है। सूचना उपरान्त सीआईए-2 के पुलिस दल ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए थाना मुलाना क्षेत्र गांव खान अहमदपुर से सरकारी स्कूल के पास नाकाबन्दी की। नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध पैदल आ रहे युवक को काबू कर उसकी विधिपूर्वक तलाशी लेने पर उससे अवैध देसी कट्टा व चार जिन्दा रौंद बरामद हुए। आरोपी की पहचान गुरसेवक निन्दी निवासी गांव खान अहमदपुर थाना मुलाना जिला अम्बाला के रूप में हुई जिसे गिरफ्तार कर थाना मुलाना में मामला दर्ज कर सीआईए-2 के पुलिस दल ने कार्यवाही शुरू कर दी थी।

### चोरी के मामले में दो आरोपी तुरन्त गिरफ्तार

**बराड़ा।** थाना बराडा क्षेत्र से चोरी के मामले में थाना बराडा के पुलिस दल ने निरीक्षक गुलशन कुमार के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए आरोपी जगप्रीत सिंह उर्फ रिक्की निवासी सिंहपुरा कालोनी बराडा व आरोपी अरूण निवासी गांव बाबतपुरी रमईपट्टी थाना बडे गांव बनारस उतरप्रदेश हाल पता निवासी सिंहपुरा कालोनी बराडा जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेजा गया। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता मनीष कुमार निवासी निवासी सिंहपुरा कालोनी बराडा ने 13 जुलाई 2024 को थाना बराडा में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 12 जुलाई 2024 को सिंहपुरा कालोनी बराडा से आरोपी अज्ञात ने उसके ट्रैक्टर का बैटरा व अन्य सामान चोरी कर लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने तुरन्त मामला दर्ज कर कार्यवाही करते हुए दो आरोपियो को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

बोले, भाजपा का असली चेहरा जनता में हुआ बेनकाब

## पूर्व विधायक जसबीर मलौर व डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने किया जनसम्पर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व विधायक एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य जसबीर मलौर ने कहा कि भाजपा का असली चेहरा जनता में बेनकाब हो चुका है। लोकसभा चुनाव में 400 पार की हवा निकलने के बाद अब 7 राज्यो के विधानसभा उपचुनाव में भी जनता ने भाजपा को पूरी तरह नकार दिया है। मलौर व राजेश मेहता जनजागरण अभियान के तहत गांव नग्गल में गांववासियों को संबोधित कर रहे थे। गांव में पहुचने पर गांव के सरपंच व पूर्व सरपंच सहित बड़ी संख्या में उपस्थित गांववासियों ने कांग्रेस नेताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया। पूर्व विधायक ने कहा कि भाजपा के पास देश और प्रदेश के लिये ना कोई नीति है और न ही इनकी नियत साफ है, पिछले 10 वर्षो से जुमलेबाजी और झूठी घोषणाओं से गुमराह किया जा रहा है जबकि धरातल पर कुछ भी नही किया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने जनता में हरियाणा की भाजपा सरकार का पर्दाफाश करने के लिये चार्जशीट जारी करते हुये 15 बिंदुओं पर जवाब मांगा गया है। इसके अलावा हरियाणा मांगे हिसाब अभियान चलाया गया है। जिसके तहत 16 जुलाई को सांसद व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीपेंद्र हुड्डा और स्थानीय सांसद वरुण चौधरी की अगुवाई में सांय 4 बजे अम्बाला शहर के बाजारों में हजारों कार्यकर्ताओं के साथ सरकार की विफलताओं का पर्दाफाश करेंगे। इसके अलावा इस अभियान में कांग्रेस पार्टी के संकल्प पत्र की जानकारी भी दी ।



अंबाला। गांव में जसबीर मलौर का स्वागत करते हुए ग्रामीण।

### भाजपा से हर वर्ग दुखी

डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने इस मौके पर कहा कि भाजपा सरकार से समाज का हर वर्ग दुखी है। भाजपा ने झूठ बोल कर सत्ता हासिल की है और 10 वर्षों में कोई भी चुनावी वायदा पूरा नहीं किया। आज किसान, गरीब मजदूर, व्यापारी ,कर्मचारी, दुकानदार, महिलाएं, युवावर्ग सहित सभी वर्ग सरकार से दुखी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की हरियाणा सरकार चंद दिनों की मेहमान है और कांग्रेस की सरकार बनना तय है। डिप्टी मेयर ने 16 जुलाई को अंबाला शहर विधानसभा में होने वाले सांसद दीपेंद्र हुड्डा और सांसद वरूण चौधरी के कार्यक्रम के लिए कार्यकत्ताओ को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पंहुचने की अपील की। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि कमल कुमार ( सोनू ) ,पूर्व सरपंच जोगिन्दर नरूला , पूर्व सरपंच रणजीत सिंह, गुरबचन सिंह, भारत भूषण सचदेवा ,राजिन्दर मनोचा, कर्म सिंह नंबरदार ,चौ गुलजार सिंह, चौ भूपेन्द्र सिंह, गुरपाल मास्टर,भूपेन्द्र झांब सादिल कुमार , पारस चावला , सौरव मनोचा,साहिल कुमार , सागर , सन्नी , लाभ सिंह नंबरदार, मान सिंह, जसबीर हुमायूंपुर, काला मलौर , टिंका कांवला सहित अन्य मौजूद रहे ।